सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-पाँचवीं | **विषय: हिंदी** | **पाठ:१३ अलमारी एक शिक्षक**

कठिन शब्द

लाइब्रेरी

अलमारी

तरतीब

व्यवस्थापक

किस्मत

पुस्तक

कंप्यूटर

इतिहास

कुतरकर

मूर्ख

अस्तित्व

संगठन

रुचि

उपकार

धन्यवाद

आशीर्वाद

लघूत्तरीय प्रश्न

उ०१-किताबें लड़की के प्रश्न पर खुश इसलिए हुई क्योंकि उन्हें लगा कि अब उनकी भी किस्मत जाग जाएगी।

उ०२-कविता की किताब इस बात पर इतरा रही थी कि उसे सौ साल पहले भी पढ़ा जाता था और आज भी पढ़ा जाता है।

उ०३-किताबों को आपस में लड़ते देख चूहे ने उनकी लड़ाई से लाभ उठाने की बात सोची कि आज इन्हें कुतर कर भूख मिटा ली जाए।

उ०४-कहानी की किताब यह कहकर अपनी तारीफ कर रही थी कि उसके किस्से कहानी कोई एक बार शुरू कर ले तो समाप्त करके ही चैन मिलता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

उ०१-अलमारी ने चूहे से बचने के लिए किताबों को समझाया कि वे सब मिलकर जोर लगाएँ ताकि वह गिर जाए अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया तो चूहा उनका अस्तित्व मिटा देगा।

उ०२-विज्ञान की किताब ने अपनी शेखी बघारते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान का युग है सब विज्ञान में ही रुचि लेते हैं किस्से कहानियाँ पढ़ने का समय किसी के पास नहीं है।

उ०३-अलमारी ने किताबों को समझाया कि संगठन में बड़ी शक्ति होती है वे इतनी सारी हैं और चूहा अकेला ।आपस में लड़ना छोड़कर वे चूहे को सबक सिखाएँ।

उ०४-अलमारी इस बात से खुश थी की किताबों ने उसकी बात मान ली वह अपने टूटने का दर्द भूल गई उसकी समझदारी के कारण किताबों को चूहे से छुटकारा मिल गया उसने सब किताबों को आशीर्वाद दिया कि वह जहाँ भी रहें खुश रहें। मिलकर रहें और नए जीवन की शुरुआत करें।

रिक्त स्थान

१-शहर की <u>अटल</u> लाइब्रेरी में बहुत सी पुस्तकें थीं।

२-जिसे देखो वही <u>कंप्यूटर</u> की किताब पढ़ता रहता है।

३-तुम्हारा शत्रु चूहा तुम्हारी <u>आपसी फूट</u> का तमाशा देख रहा था।

४-<u>अलमारी</u> का कांच टूटने से किताबें फर्श पर बिखर गईं।

५-तुमने हमें सही राह दिखा कर जो <u>उपकार</u> हम पर किया है।

नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर स्वयं वाक्य बनाइए।

पन्ने

हानि

चिंता

शक्ति

उपकार